कोलकाता, मंगलवार
29.01.2019
माघ कृष्ण 9 संवत 2075
पृष्ठ 12, मूल्य : ₹ 5
शिलांग संस्करण
वर्ष : 20, अंक : 28
रजिस्ट्रेशन : WBHIN/2000/2770

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । सिलीगुड़ी । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 साल

मेहनत किये बिना खाना, चोरी का अन्न कहा जाता है.




# विभिन्न रसों के मोतियों को पिरोया एक धागे में

- **दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) का छठा वार्षिकोत्सव मना हर्षोल्लास के साथ**
- **विभिन्न कला माध्यमों से स्कूली छात्रों ने दिये समाजोपयोगी संदेश समारोह में**




**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) का छठा वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना. उत्सव का तानाबाना 'नवरस' को आधार बनाकर बुना गया था. जिसमें विभिन्न रसों के मोतियों को एक धागे में पिरोकर बड़ी खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया था. 'तेनजिंग नोर्गे अवार्ड' से सम्मानित प्रसिद्ध पर्वतारोही दीपांकर घोष उपस्थित थे. उन्होंने इसका उद्घाटन किया.

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों ने नृत्य – 'जादू', 'गलती से मिस्टेक', 'सॉरी सॉरी', 'नाच मेरी जान' पेश कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया. वरिष्ठ वर्ग के छात्रों ने शास्त्रीय व पाश्चात्य नृत्य पेश किया. मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'पंच परमेश्वर' का मंचन अंग्रेजी नाटक के रूप में किया गया. जिसमें मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखने का संदेश अत्यंत मनोहारी रूप में दिया गया. हिंदी नाटक 'पापा' में मध्यमवर्गीय पिता की विवशता और संतान की महत्ती– आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु इच्छाओं की बलि देते पिता की मार्मिक स्थिति का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया गया. युवा वर्ग को 'तेते पाँव पसारिये जैती लांबी सौर' का संदेश दिया गया. छात्रों की 'गायन मंडली' ने अंग्रेजी तथा हिंदी दोनों भाषाओं के गीतों से पंडाल को मधुर स्वर लहरियों से सराबोर कर दिया. छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा रचित कव्वाली की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही.

हुनर का प्रांतीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कूल मैनेजमेंट ने नगद पुरस्कार से सम्मानित किया. मुंबई में आयोजित 'अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता' में प्रथम रहे दुर्गा प्रसाद साहू को 10 हजार तथा 'कराटे' में प्रांतीय स्तर पर तृतीय रहे अर्णव बंगाल को सात हजार का चेक दिया गया. 2018-19 में विद्यालय में होने वाली गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ उद्घोषक अनंत शर्मा को चुना गया. I इसी श्रेणी में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं क्रमशः नैनिका अग्रवाल तथा अमीषा बांका रहीं. इस वर्ष से विद्यालय में छात्रों को 'रॉक क्लाइम्बिंग' की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. इसका शुभारम्भ श्री घोष ने किया.

श्री घोष ने कहा कि छात्रों ने विभिन्न कला के माध्यम से समाजोपयोगी संदेशों का बहुत ही सहज रूप में संप्रेषित किया. छात्र भविष्य का निर्माता है. यदि वह सचेत हो जाए तो निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की कल्पना की जा सकती है. प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट में प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया. प्रबंध न्यासी प्रतीक गोयनका उपस्थित थे.